Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : उपाधि/0281
दिनांक : 19-05-22

विज्ञप्ति

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम चरण में वर्ष 2016–17, 2017–18, 2018–19 तथा 2019–20 विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों एवं परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये डाक के पते पर निःशुल्क उपाधि उपलब्ध कराये जाने का विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गया है। यदि उक्त अवधि के पूर्व के छात्र भी अपनी उपाधि निःशुल्क प्राप्त करना चाहते हैं तो वह भी उक्त लिंक पर अपना पूर्ण विवरण उपलब्ध कराकर अपने डाक के पते पर निःशुल्क उपाधि प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त प्रयोजन हेतु छात्र/छात्राओं को उनकी लम्बित उपाधियां प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एक लिंक जनरेट किया गया है। छात्र/छात्राओं को डाक के पते पर निःशुल्क उपाधि प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर **Stduent Help Desk** में दिये गये लिंक **Provide Information to get only Original degree** पर जाकर वांछित विवरण उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अतः छात्र/छात्राओं से अपेक्षा है कि निम्नलिखित निर्देशों का अध्ययन अवश्य कर लें एवं उसके उपरान्त उक्त लिंक पर अपना विवरण उपलब्ध करायें तथा अंकित निर्देशों का अनुपालन अवश्य करें :–

1. राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों से वर्ष–2020 में समस्त पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण संस्थागत/व्यक्तिगत के छात्र/छात्राओं की मूल उपाधियां उनके सम्बन्धित महाविद्यालय को प्रेषित की जा रही हैं अतः वर्ष–2020 के छात्र/छात्रा उस लिंक पर मूल उपाधि प्राप्त करने हेतु आवेदन न करें।
2. उक्त लिंक पर वांछित सभी सूचनायें अवश्य उपलब्ध करायें। यदि विद्यार्थी द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र में दिये गये कालॅम में अपूर्ण विवरण भरा जाता है और अपूर्ण एवं अपठनीय प्रपत्र अपलोड किये जाते हैं तो उपाधि निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा।
3. उक्त लिंक मात्र मूल उपाधि के लिये जनरेट किया गया है यदि कोई छात्र डुप्लीकेट उपाधि प्राप्त करना चाहता है तो उसे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पूर्व व्यवस्था के अनुसार वांछित शुल्क एवं पत्राजात उपलब्ध कराये जाने पर ही डुप्लीकेट उपाधि निर्गत की जायेगी।

उक्त रीति से उपाधि प्राप्त करने हेतु बनाये गये ऑनलाईन लिंक पर वांछित विवरण उपलब्ध कराये जाने पर ही उपाधि निर्गत की जायेगी। मूल उपाधियों को प्राप्त करने के लिये अब ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति–कुलपति को मा0 प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से कि अपने महाविद्यालय/संस्थान के छात्र/छात्राओं को उपरोक्त विज्ञप्ति से अवगत कराने का कष्ट करें।
4. वैयक्तिक सहायक, वित अधिकारी को वित अधिकारी महोदय के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
7. सहा0 कुलसचिव (प्रशासन) को इस आशय से कि इण्डियन बैंक को मूल उपाधि हेतु प्रेषित किये गये विगत वर्षों के आवेदन फार्मों को वापस प्राप्त कर स्टोर में अनुरक्षित करना सुनिश्चित करें।
8. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
9. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
10. पोस्ट मास्टर, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

19.5.2022

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)